रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 666] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अक्तूबर 29, 2015/कार्तिक 7, 1937
No. 666] NEW DELHI, THURSDAY, OCTOBER 29, 2015/KARTIKA 7, 1937

IndiaCode

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर, 2015

सा.का.नि. 816(अ).—केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थातः-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम **"तात्या टोपे की 200वीं जयंती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए दो सौ रुपये और दस रुपये के सिक्कों का निर्माण नियम, 2015 है ।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **सिक्कों का अंकित मूल्य.-** **"तात्या टोपे की 200वीं जयंती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा, अर्थात :-

   (i) दो सौ रुपये;

   (ii) दस रुपये।

3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना.-** नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात :-

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
दो सौ रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुर्थक मिश्र धातु** चांदी - 50 प्रतिशत तांबा - 40 प्रतिशत निकल - 05 प्रतिशत जस्ता - 05 प्रतिशत
दस रुपये	वृत्ताकार 27 मिलीमीटर (द्वि-धातुक)	-	**बाह्य वलय** (एल्युमिनियम कांसा) तांबा - 92 प्रतिशत एल्युमिनियम- 06 प्रतिशत निकल - 02 प्रतिशत **केंद्रीय भाग** (कूप्रो निकल) तांबा- 75 प्रतिशत निकल - 25 प्रतिशत

IndiaCode

4. डिज़ाइन.- सिक्कों का डिज़ाइन निम्नानुसार होगा :-

(i) <u>दो सौ रुपये</u>

<u>अग्र भाग</u>

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** मुद्रा लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाई ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**भारत**" शब्द और दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में "INDIA" शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक "**₹**" और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"200"** भी होगा ।

<u>पृष्ठ भाग</u>

सिक्के के इस भाग पर मध्य में **"तात्या टोपे"** का चित्र होगा, सिक्के की ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"तात्या टोपे की 200वीं जयंती"** और निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"200TH BIRTH ANNIVERSARY OF TATYA TOPE"** उत्कीर्णित होगा। चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में "**2015**" लिखा होगा।

(ii) <u>दस रुपये</u>

<u>अग्र भाग</u>

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** मुद्रा लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाई ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाहिनी ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में "INDIA" शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक "**₹**" और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"10"** भी होगा ।

पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में **"तात्या टोपे"** का चित्र होगा, सिक्के की ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"तात्या टोपे की 200वीं जयंती"** और निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"200TH BIRTH ANNIVERSARY OF TATYA TOPE"** उत्कीर्णित होगा। चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में **"2015"** लिखा होगा।

5. **मानक वजन तथा अनुज्ञात उपचार.-** "तात्या टोपे की 200वीं जयंती" के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए बनाए गए निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात उपचार निम्नलिखित सारणी में यथाविनिर्दिष्ट रुप में होगा, अर्थात :-

सारणी

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुज्ञात उपचार	
		संरचना में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
दो सौ रूपये	35 ग्राम	चांदी में 1/500वां जोड़ कर या घटा कर अर्थात चाँदी में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा ।	1/100वां जोड़ कर या घटा कर अर्थात वजन में 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक का अंतर हो सकता है ।
दस रूपये (द्वि-धातुक)	7.71 ग्राम (बाह्य वलय 4.45 ग्राम और मध्य भाग 3.26 ग्राम)	**बाह्य वलय**- (एल्युमिनियम कांसा) एल्युमिनियम- 5.5 प्रतिशत से 6 प्रतिशत, निकल- 1.75 प्रतिशत से 2 प्रतिशत और शेष तांबा है। **मध्य भाग**- कूप्रो निकल) तांबा और निकल दोनों के लिए 1 प्रतिशत जोड़ कर या घटा कर अर्थात	2.5 प्रतिशत जोड़ कर या घटा कर अर्थात वजन में 7.52 ग्राम से 7.90 ग्राम का अंतर हो सकता है।

		तांबे में 74 प्रतिशत से 76 प्रतिशत और निकल में 24 प्रतिशत से 26 प्रतिशत का अंतर हो सकता है।	

[फा. सं. 02/24/2015-सिक्का]

पंकज गुप्ता, अवर सचिव (एस.पी.एम.सी. और सिक्का)

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 23rd October, 2015

G.S.R. 816(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely: -

1. **Short title and commencement.** – (1) These rules may be called the Coinage of Two Hundred Rupees and Ten Rupees Coins to commemorate the occasion of **200TH BIRTH ANNIVERSARY OF TATYA TOPE** Rules, 2015.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

(2) Denomination of coins.-The coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of "**200TH BIRTH ANNIVERSARY OF TATYA TOPE",** namely:-

(i) Two Hundred Rupees;

(ii) Ten Rupees.

(3) **Dimension and composition of coins.** - The coins of the denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely: -

Denomination of coin	**Shape and outside diameter**	**Number of serrations**	**Metal composition**
(1)	(2)	(3)	(4)
Two Hundred Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary alloy** Silver - 50 per cent. Copper -40 per cent. Nickel - 05 per cent. Zinc - 05 per cent.
Ten Rupees	Circular 27 millimeters (Bi – Metallic)	---	**Outer ring** (Aluminium Bronze) Copper -92 per cent. Aluminium - 06 per cent. Nickel - 02 per cent. **Center piece** (Cupro Nickel) Copper -75 per cent. Nickel - 25 per cent.

(4) Design.- The design of the coins shall be as under: -

(i) **TWO HUNDRED RUPEES**

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the center with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagari script and on the right periphery flanked with the word **"INDIA"** in English and it shall also bear the Rupee symbol **"₹"** and denominational value **"200"** in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of coin shall bear the portrait of **"TATYA TOPE"** in the center, with inscription **"तात्या टोपे की 200वीं जयंती"** in Devnagari script on upper periphery and **"200TH BIRTH ANNIVERSARY OF TATYA TOPE"** in English on the lower periphery. The year figure **"2015"** shall be written below the portrait in international numerals.

(ii) **TEN RUPEES**

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the center with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devnagari script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English and it shall also bear the Rupee symbol **"₹"** and denominational value **"10"** in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of coin shall bear the portrait of **"TATYA TOPE"** in the center, with inscription **"तात्या टोपे की 200वीं जयंती"** in Devnagari script on upper periphery and **"200TH BIRTH ANNIVERSARY OF TATYA TOPE"** in English on the lower periphery. The year figure **"2015"** shall be written below the portrait in international numerals.

(5) **Standard weight and remedy allowed.-** The standard weight of the coins of the following denominations, coined to commemorate the occasion of **"200TH BIRTH ANNIVERSARY OF TATYA TOPE"** and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Table below: -

TABLE

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
Two Hundred Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.
Ten Rupees (Bi-Metallic)	7.71 Grams (Outer Ring 4.45 grams and center piece 3.26 grams)	**Outer Ring** (Aluminium – Bronze) Aluminium 5.5 per cent to 6 per cent, Nickel – 1.75 per cent to 2 percent and remainder are copper. **Center piece** (Cupro –Nickel) plus or minus 1 percent for both copper and Nickel, that is to say, the copper may vary from 74 per cent to 76 percent and Nickel from 24 percent to 26 percent.	Plus or minus 2.5 per cent, that is to say, the weight could vary from 7.52 grams to 7.90 grams.

[F. No. 02/24/2015-Coin]

PANKAJ GUPTA, Under Secy. (SPMC & Coin)

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.